इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा स्पाट–पेन्टिग प्रतोयोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ (संकाय प्रथम) के तत्वावधान मे दिनांक 30 सितम्बर, 2014 को इतिहास विभाग के इंटैक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा भारत के विभिन्न ऐतिहासिक धरोहरो पर आधारित एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे बीए के इतिहास विषय की 44 छात्राओं ने भाग लिया. प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर कोमल मंगला बीए फाइनल, रागिनी शर्मा बीए फाइनल ने द्वितीय स्थान तथा खुशबू बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. पॉच सांतवना पुरस्कार भी दिये गये जिन्हें प्राप्त किया गया मिन्टा यादव बीए द्वितीय वर्ष, अंजलि शर्मा बीए द्वितीय वर्ष, मुनेश बीए द्वितीय वर्ष, मोनिका बीए प्रथम वर्ष व प्रियांका बीए प्रथम वर्ष.

निर्णायक मंडल की भूमिका मुख्य अतिथि श्री आनन्द मेहता संयोजक इंटैक फरीदाबाद चैप्टर और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने निभाई. शिक्षाविद, समाजसेवी और उद्योगपति श्री आनन्द मेहता ने इस अवसर पर बीए प्रथम वर्ष के 42 छात्राओं को क्लब में शामिल करते हुए उन्हें बैज व क्लब पासपोर्ट भी प्रदान किए. सभी विजेताओं को प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने बधाई दी और बताया कि वर्ष 2009 से यह क्लब निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतों व भारत की सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है. इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह ने बताया कि इस क्लब में 100 सदस्य है जो भारत की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरो को सुरक्षित रखने का संकल्प लिए हुए है. अन्त मे इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ0 विनीता शर्मा ने उपस्थित मुख्य अतिथि, प्राचार्य और उपस्थित स्टाफ के अन्य सदस्यों का धन्यवाद दिया.